भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री (BHASKAR)

स्रोत: पी.आई.बी

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत **उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT)**, भारत के **स्टार्टअप इकोसिस्टम** को मज़बूत करने के उद्देश्य से स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत **भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री (भास्कर)** डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करेगा।

- **भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री (भास्कर): यह** स्टार्टअप, निवेशकों, सलाहकारों, सेवा प्रदाताओं और सरकारी निकायों सहित उद्यम संबंधी इकोसिस्टम के भीतर प्रमुख हितधारकों के बीच सहयोग को केंद्रीकृत, सुव्यवस्थित एवं बढ़ाने के लिये तैयार किया गया है। इसका प्राथमिक लक्ष्य स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर हितधारकों के लिये दुनिया की सबसे बड़ी **डिजिटल रजिस्ट्री** बनाना है।
- यह मंच **1,46,000 से ज़्यादा DPIIT-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को सेवा प्रदान करेगा, जिससे प्रत्येक हितधारक को एक अद्वितीय भास्कर आईडी सौंपी** जाएगी, जिससे प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत समन्वय और उसके अनुरूप अनुभव सुनिश्चित होंगे।
- इस मंच से **नवाचार, रोज़गार सृजन और** भारत के **स्टार्टअप इकोसिस्टम तंत्र** के समग्र विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो उद्यमिता में वैश्विक अग्रणी बनने के देश के दृष्टिकोण के अनुरूप होगा।
- **भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का वर्तमान परिदृश्य: स्टार्टअप इकोसिस्टम में** भारत **वैश्विक स्तर में तीसरे स्थान पर है**। वर्ष 2014 और 2023 के बीच, देश में स्टार्टअप की संख्या लगभग **7,000 से बढ़कर 80,000 से अधिक हो गई है**।
    - **देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न** और डेकाकॉर्न का उदय हुआ है, जो भारतीय स्टार्टअप की परिपक्वता एवं सफलता को दर्शाता है।

और पढ़ें: भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम , भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम , डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के छह वर्ष

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhaskar-platform-for-india-s-startup-ecosystem